जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक ने मतदान केन्द्रों पर भ्रमण कर लिया जायजा

मतदान समाप्ति तक 81.57 प्रतिशत हुआ मतदान



श्रावस्ती। जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चल रहे गोरखपुर-फैजाबाद खंड स्नातक निर्वाचन-2026 को सकुशल, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न कराने के लिए जिला मजिस्ट्रेट/सहायक रिटर्निंग आफिसर गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र, श्रावस्ती अन्नपूर्णा गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने प्रात:काल से ही मतदान केन्द्रों का निरन्तर भ्रमण कर चल रहे मतदान का जायजा लिया और मतदान को सम्पन्न कराने में लगे सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न कराने का निर्देश देते रहे। उन्होने मतदान करने आये मतदाताओं से भी जानकारी ली और कहा कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या है तो बेझिझक बता सकते है। इस पर मतदाताओं द्वारा बताया गया कि केन्द्र पर किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है। इस दौरान उन्होने विकास खण्ड क्रमश: इकौना, गिलौला, जमुनहा के सभाकक्ष एवं तहसील भिनगा सभाकक्ष में बनाये गये मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होने उपस्थित जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेटों, पीठासीन अधिकारियों तथा सुरक्षा में लगे अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार व्यवस्थित ढंग से मतदान को सम्पन्न करायें और मतदान सम्पन्न होने के उपरान्त मतदान पेटिकाओं एवं अन्य निर्वाचन सामग्री जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट में एकत्र करायी जाएं। तत्पश्चात् सील्ड मतपेटिकायें एवं अन्य निर्वाचन सामग्री कड़ी सुरक्षा के बीच पीठासीन अधिकारियों एवं नामित मजिस्ट्रेट के साथ पं0 दीनदयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय, गोरखपुर (वाणिज्य भवन) में जमा की जायेंगी।इसके उपरान्त जिला मजिस्ट्रेट ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर निर्वाचन हेतु बनाये गये कन्ट्रोलरूम का भी निरीक्षण किया तथा उपस्थित ई-डिस्टिक्ट मैनेजर शरद श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण मतदेय स्थलों की सतत् निगरानी रखें और किसी भी प्रकार की संदिग्ध स्थिति की सूचना तत्काल उपलब्ध करायेंगे।निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित उपजिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सहित जोनल, सेक्टर मजिस्टेऊट व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। अपर जिला मजिस्ट्रेट ललित कुमार ने बताया है कि पूर्वान्ह 08 बजे से सभी मतदान केन्द्रों पर मतदान प्रारम्भ हो गया था। पूर्वान्ह 10 बजे तक जिले में मतदान 16.33 प्रतिशत, अपरान्ह 12 बजे तक 46.61 प्रतिशत, अपरान्ह 02 बजे 71.51 प्रतिशत एवं अपरान्ह 04 बजे मतदान समाप्ति तक 81.57 प्रतिशत रहा है।

शान्तिपूर्ण मतदान के लिए भ्रमणशील रहे जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक



बहराइच। गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन-2026 के मतदान को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने निरन्तर भ्रमणशील रहकर मतदान प्रक्रिया का जायज़ा लिया। तहसील कार्यालय भवन बहराइच में स्थापित मतदान केन्द्र पहुंच कर जहॉ जिलाधिकारी ने मतदान केन्द्र के अन्दर जाकर मतदान प्रतिशत, मतदान कार्मिकों तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया वहीं पुलिस अधीक्षक ने मतदान केन्द्र के बाहर सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात सुरक्षा कार्मिकों को शान्ति पूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सदर तहसील के निरीक्षण के उपरान्त जिलाधिकारी ने क्षेत्र पंचायत कार्यालय भवन रिसिया में स्थापित मतदान केन्द्र का निरीक्षण कर मतदान प्रक्रिया के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए गोरखपुर-लखनऊ के बीच चलेगी परीक्षा स्पेशल ट्रेन

तुलसीपुर/बलरामपुर। परीक्षार्थियों की सुविधा को देखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल प्रशासन ने गोरखपुर और लखनऊ जंक्शन के बीच अनारक्षित परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन 24 और 31 अक्टूबर को गोरखपुर से लखनऊ के लिए तथा 25 अक्टूबर और 1 नवंबर को लखनऊ से गोरखपुर के लिए संचालित होगी। इस ट्रेन का ठहराव तुलसीपुर और बलरामपुर रेलवे स्टेशनों पर भी होगा। रेलवे प्रशासन के अनुसार, गाडी संख्या 05007 गोरखपुर-लखनऊ अनारक्षित परीक्षा स्पेशल 24 और 31 अक्टूबर को गोरखपुर से रात 8:35 बजे रवाना होगी। यह आनंदनगर, सिद्धार्थनगर और बढनी होते हुए रात 11:09 बजे तुलसीपुर तथा रात 11:40 बजे बलरामपुर पहुंचेगी। इसके बाद गोंडा, करनैलगंज, बुढ़वल, बाराबंकी और बादशाहनगर होते हुए अगले दिन सुबह 4:45 बजे लखनऊ जंक्शन पहुंचेगी। वापसी में गाडी संख्या 05008 लखनऊ-गोरखपुर अनारक्षित परीक्षा स्पेशल 25 अक्टूबर और 1 नवंबर को लखनऊ जंक्शन से रात 8:55 बजे प्रस्थान करेगी। यह गाडी गोंडा से होते हुए अगले दिन रात 12:22 बजे बलरामपुर और रात 12:50 बजे तुलसीपुर पहुंचेगी।

गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन में जिले 89.31 प्रतिशत हुआ मतदान

बलरामपुर। गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत जिले में सभी बने 10 मतदान केन्दो पर शान्तिपूर्वक, सकुशल मतदान सम्पन्न हुआ। जिले में सांय पांच बजे तक 89.31 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के दौरान मतदान केन्दो पर सुरक्षा व्यवस्था काफी चुस्त दुरूस्त रही। जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन व पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह निरन्तर सभी मतदान केन्दो का निरीक्षण करते हुये मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराया।

गोरखपुर इज्जतनगर ट्रेन के समय में परिवर्तन

तुलसीपुर/बलरामपुर। पूर्वोत्तर रेलवे की गोरखपुर से चलने वाली 15009 ट्रेन के समय सारणी में बदलाव किया गया है। अब यह ट्रेन 1 नवंबर से रात्रि 9:00 बजे गोरखपुर से चलकर तुलसीपुर रात्रि 12:05 बजे ,बादशाह नगर प्रात: 4:28 पर पहुंचकर अंतिम पडाव इज्जत नगर 11:35 पर पहुंचेगी। वहीं इज्जत नगर से सायंकाल 5:00 बजे चलकर बादशाह नगर रात्रि12:07 तथा तुलसीपुर प्रात: 3:45 पर पहुंचेगी।

एक नजर

ग्राम बगहा में एसडीएम मिहींपुरवा की मौजूदगी में हुई क्रॉप कटिंग

बहराइच। तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) के अंतर्गत परगना नानपारा के ग्राम बगहा में फसल उत्पादन का वास्तविक आकलन करने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने मौके पर पहुंचकर क्रॉप कटिंग प्रक्रिया का निरीक्षण किया और फसल उत्पादन का जायजा लिया। क्रॉप कटिंग प्रयोग कृषि उत्पादन की वास्तविक स्थिति का आकलन करने की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसके माध्यम से निर्धारित क्षेत्रफल में फसल की कटाई कर उपज का आकलन किया जाता है, जिससे क्षेत्र की उत्पादकता के सटीक आंकड़े संकलित करने में सहायता मिलती है। अधिकारियों एवं किसानों की मौजूदगी में क्रॉप कटिंग प्रयोग की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। उप जिलाधिकारी ने मौके पर प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए संबंधित कार्यों की जानकारी ली। क्रॉप कटिंग से प्राप्त आंकड़े कृषि उत्पादन के आकलन तथा फसल उत्पादकता की वास्तविक स्थिति को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर लेखपाल बीरबल, राजस्व निरीक्षक कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, कृषि विभाग के प्रतिनिधियों सहित गांव के अन्य संभ्रांत कृषक उपस्थित रहे।

एसआईएस लिमिटेड में सुरक्षा जवानों और सुपरवाइजरों की भर्ती, 24 से लगेंगे शिविर

गोंडा। जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों पर नौकरी पाने का अवसर है। एसआईएस लिमिटेड की ओर से 24 से 29 अक्टूबर तक जिले के विभिन्न विकास खंडों में भर्ती शिविर लगाए जाएंगे। जिला विकास अधिकारी ने युवाओं से शिविरों में पहुंचकर रोजगार के इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। **यह रहेगा भर्ती शिविरों का कार्यक्रम** भर्ती शिविर 24 अक्टूबर को रुपईडीह, 26 व 27 अक्टूबर को पंडरीकृपाल तथा 28 व 29 अक्टूबर को झंझरी विकास खंड में आयोजित होंगे। शिविरों का समय सुबह 10 से शाम चार बजे तक निर्धारित है। अभ्यर्थी अपनी सुविधानुसार निर्धारित तिथियों में किसी भी शिविर में प्रतिभाग कर सकते हैं।

राजकीय बीज भंडारों पर रबी फसलों के बीज उपलब्ध, अनुदान का लाभ उठाएं किसान

गोंडा। रबी फसलों की बुवाई को देखते हुए कृषि विभाग ने जिले के सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों पर गेहूं, चना, मटर, मसूर, राई-सरसों और तोरिया के प्रमाणित एवं आधारीय बीज उपलब्ध कराए हैं। जिला कृषि अधिकारी सीपी सिंह ने किसानों से अपने विकास खंड के बीज भंडार से अनुदानित दरों पर बीज प्राप्त करने की अपील की है। जिला कृषि अधिकारी के अनुसार, गेहूं की 10 वर्ष से कम अवधि वाली प्रजातियों के प्रमाणित बीज की दर 4,738 रुपये प्रति क्विंटल है। इस पर 2,369 रुपये अनुदान मिलेगा। किसान को इतनी ही राशि अपने अंश के रूप में देनी होगी। वहीं, 10 वर्ष से अधिक अवधि वाली प्रजातियों पर 1,300 रुपये प्रति क्विंटल अनुदान निर्धारित है। चना की आठ वर्ष से कम अवधि वाली प्रजातियों के प्रमाणित बीज पर 6,000 रुपये और 10 वर्ष से अधिक अवधि वाली प्रजातियों पर 4,000 रुपये प्रति क्विंटल अनुदान मिलेगा। मटर की आठ वर्ष से कम अवधि वाली प्रजातियों पर 75 प्रतिशत तक अनुदान देय है। मसूर की आठ वर्ष से कम अवधि वाली प्रजातियों पर निर्धारित दर के अनुसार शत-प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। अन्य प्रजातियों तथा राई-सरसों के बीज पर भी नियमानुसार अनुदान उपलब्ध है। दलहनी-तिलहनी फसलों के मिनीकिट निश्शुल्क

विभाग की ओर से दलहनी एवं तिलहनी फसलों के मिनीकिट भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराए गए हैं। बुकिंग कराने के बाद चयनित किसानों को इनका निश्शुल्क वितरण किया जाएगा।

एक नजर

जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट पांच घायल

श्रावस्ती। थाना गिलौला क्षेत्र की ग्राम पंचायत रैमूनिया में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस घटना में कुल पांच लोग घायल हुए। घायलों को एंबुलेंस से गिलौला के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया।प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने सभी की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घायलों में एक पक्ष से जयकला (60) पत्नी सतगुरु हैं।दूसरे पक्ष से संजू (49) पत्नी नन्हे, रूपरानी (52) पत्नी मुंशीलाल, कुंती (57) पत्नी पटवारी और मुंशी (52) पुत्र श्यामलाल शामिल हैं। गांववालों की मदद से सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया था।गिलौला थानाध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से शिकायत मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

विशेष अभियान के तहत अपना नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित करायें-अपर जिलाधिकारी

श्रावस्ती। अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ललित कुमार ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार वर्तमान में चल रहे निर्वाचक नामावलियों के निरन्तर पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के अर्न्तगत निरन्तर पुनरीक्षण अवधि में पात्र नागरिकों यथा समस्त अहे युवा, छूटे हुये मतदाता, प्रथम बार मतदाता बनने की अर्हता रखने वाले, बेघर मतदाता, दिव्यांग मतदाता तथा महिला मतदाताओं के नाम शत-प्रतिशत मतदाता सूची में नाम बढ़ाये जाने हेतु दिनांक 24.10.2026 को विशेष अभियान चलाकर सम्मिलित किये जाने हैं, जिससे आयोग के ''कोई मतदाता न छूटे के उद्देश्य को साकार किया जा रहा है। उक्त विशेष अभियान तिथियों में जनपद के समस्त बूथ लेबिल अधिकारी अपने-अपने मतदेय स्थलों पर प्रात: 10:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक उपस्थित रहेंगे, जिनके पास पर्याप्त मात्रा में फार्म-6 उपलब्ध रहेगा।

शिक्षक एमएलसी चुनाव में दिखा सियासी दमखम, नौ केंद्रों पर दिग्गजों ने संभाली कमान



अंबेडकरनगर। गोरखपुर.फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव को लेकर शुक्रवार को जिले में राजनीतिक सरगर्मी तेज रही। सुबह आठ बजे से नौ विकासखंड मुख्यालयों पर मतदान शुरू हुआ। अकबरपुर टांडा जलालपुर बसखारी रामनगर जहांगीरगंज भियांव कटेहरी और भीटी में बनाए गए मतदान केंद्रों पर करीब 2900 शिक्षक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। भाजपा प्रत्याशी ध्रुव कुमार त्रिपाठी सपा प्रत्याशी डॉण् संजयन त्रिपाठी और निर्दलीय राजीव यादव उर्फ राजू यादव के समर्थन में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मतदान केंद्रों के बाहर मोर्चा संभाले रखा।सपा प्रत्याशी के समर्थन में आलापुर विधायक एवं राष्ट्रीय सचिव त्रिभुवन दत्त समेत पूर्व जिलाध्यक्ष राम सकल यादव जिला पंचायत सदस्य अजीत यादव अजय कुमार गौतम राहुल दत्त यशवर्धन शमशाद फारुकी रविंद्र यादव विकास यादव राजबहादुर यादव सीमा यादव योगेंद्र त्रिपाठी समेत कई नेता व कार्यकर्ता सक्रिय रहे। वहीं भाजपा की ओर से पूर्व विधायक त्रिवेणी राम विधायक अनीता कमल पूर्व जिलाध्यक्ष यमुना प्रसाद चतुर्वेदी डॉण् मिथिलेश त्रिपाठी अमरेंद्र कांत सिंह अभिषेक निषाद अंजू पांडेय समेत कई नेताओं ने प्रत्याशी के पक्ष में कमान संभाली।

''मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद'' कार्यक्रम के तहत सुनीं गई महिलाओं की समस्याएं

बहराइच। आयुक्त देवीपाटन मण्डल, गोण्डा दुर्गा शक्ति नागपाल द्वारा की गई पहल के माध्यम से जनपद में प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार व चतुर्थ शुक्रवार को ''मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद'' जन-सुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण कराया जा रहा है। जिसके तहत नामित नोडल अधिकारी सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति श्रीमती ज्योति चौधरी द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में 06 महिलाओं की समस्याओं की सुनवाई की गयी। इस दौरान श्रीमती पूनम देवी पत्नी बाबादीन ने आधार कार्ड बनवाने, चमेली बेवा केदार द्वारा भरण पोषण, मनोरमा पटेल ने निकट के विद्यालय में प्रवेश दिलाये जाने, नाजमा पत्नी अब्दुल खालिक ने मृत्यु प्रमाण-पत्र निर्गत कराये जाने, कु. ज्योति देवी ने मानदेय का भुगतान कराये जाने, जैनब पत्नी मुन्नी लाल ने भूमि स्वामित्व के सम्बन्ध में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किये गये। ''मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद'' जन-सुनवाई कार्यक्रम में प्राप्त हुए शिकायत पत्रों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।



जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाओं को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण न्याय दिलाना ही हमारी प्राथमिकता है। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित और संवेदनशील माहौल में अपनी बात रखने का अवसर देना तथा उनकी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध समाधान कराना है। इससे दूर-दराज क्षेत्रों की महिलाओं को भी स्थानीय स्तर पर समस्याओं के समाधान की सुविधा मिलेगी। जिलाधिकारी श्री पाण्डेय द्वारा मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद के माध्यम से प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों के सम्बन्ध में जिम्मेदार अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौके पर जाकर शिकायतों का वास्तविक समाधान करें, ताकि शिकायतकर्ता को दोबारा उसी समस्या के लिए कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। डीएम श्री पाण्डेय ने बताया कि आयुक्त देवीपाटन गोण्डा के निर्देश पर प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार व चुतर्थ शुक्रवार को जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में मध्यान्ह 12:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद के तहत महिलाओं की विशेष जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित होगा।

अधिवक्ताओं का हड़ताल जारी,चक्काजाम कर दर्ज कराया विरोध

बलरामपुर। विगत कई दिनो से चल रहे अधिवक्ताओ को हडताल तूल पकडता जा रहा है जिसमें गुरूवार को तीनो तहसीलो के अधिवक्ताओ ने जिला मुख्यालय पर एकत्र होकर हजारो की संख्या में जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुँच गये। जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओ से बातचीत करने का प्रयास किया किन्तु अधिवक्ता अपनी बातो पर डटे रहे। बताते चले कि अधिवक्ता अपने धरने के दौरान मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन देने जिलाधिकारी के कार्यालय पहुँचे थे किन्तु उन्होने ज्ञापन न लेते हुये चले गये जिससे अधिवक्ता नाराज होकर काफी आक्रोशित भी हो गये थे। इसी मामले को लेकर अधिवक्ताओ ने नराजगी है जिसको लेकर गुरूवार को तीनो तहसीलो के अधिवक्ता एकत्र हो कर जिलाधिकारी कार्यालय पहुँचे। किन्तु अधिवक्तो का कहना है कि



जिलाधिकारी मांफी मांगे। जबकि जिलाधिकारी माईक से बराबर बोलते रहे कि बैठकर बात कर लिया जाये बात करने से मामले को सुलझाया जा सकता है। जिसके क्रम शुक्रवार को तहसील मुख्यालय पर अपनी मांगो को लेकर अधिवक्ताओ ने बहराइच रोड को जाम किया। हलाकि रोडजाम ज्यादा देरतक नही चला। अधिवक्ताओं ने जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। इस दौरान काफी संख्या में अधिवक्ता मौदूर रहे। उतरौला/बलरामपुर। आनलाइन दाखिल- खारिज नामांतरण प्रक्रिया को लेकर विरोध प्रकट करते हुए अधिवक्ता संघ के द्वारा अधिवक्ताओ का आन्दोलन लगातार जारी है,शुक्रवार को अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रह्लाद यादव और महामंत्री रवि शंकर मिश्रा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर से लेकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे तक जुलूस निकालकर जिलाधिकारी के विरुद्ध नारेबाजी की। इसके बाद अधिवक्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे पर पहुंचकर चक्का जाम करके विरोध प्रदर्शन किया।

रंजीत सैनी का कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुआ अन्तिम संस्कार

तुलसीपुर/बलरामपुर। रंजीत सैनी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में शुक्रवार को कडी सुरक्षा इंतजामों के बीच गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार संपन्न हो गया। बुधवार को थाने लाए गए रंजीत की मौत के बाद से ही परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त था। मामले को लेकर बृहस्पतिवार को क्षेत्र में करीब 12 घंटे तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। इस पूरे घटनाक्रम ने पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खडे कर दिए हैं। वहीं पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई पाटेश्वरी प्रसाद की तहरीर पर सरदार परमजीत सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों के मुताबिक, बुधवार सुबह पुलिस के दो सिपाही रंजीत सैनी को स्वस्थ हालत में थाने लेकर आए थे। उस समय किसी को अंदाजा नहीं था कि कुछ ही घंटों बाद मामला उनकी मौत तक पहुंच जाएगा। दोपहर में जब रंजीत का बेटा अमर सैनी थाने पहुंचा तो उसे पिता वहां नहीं मिले। काफी तलाश के बाद रंजीत अस्पताल के ड्रेसिंग रूम में कथित तौर पर बेहद खराब हालत में तडपते हुए मिले। इस दौरान का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसके बाद घटना को लेकर लोगों में नाराजगी और बढ गई। रंजीत की मौत की खबर फैलते ही परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। लोगों ने घटना की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। बृहस्पतिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव ले जाने के दौरान तनाव बढने की आशंका बनी हुई थी। आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा सडक जाम किए जाने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने कौवापुर मोड से मार्ग बदलकर शव को सुरक्षा के बीच गांव पहुंचाया। इस दौरान प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए रहा।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank पंजीकृत कार्यालय :- आईसीआईसीआई बैंक टॉवर, चकली सर्कल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390 007
व्यवसायिक कार्यालय:-आईसीआईसीआई बैंक टॉवर्स, बान्द्रा-कुर्ला,काम्प्लैक्स मुम्बई-400 051

सोने की नीलामी एवं आमंत्रण सूचना

नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/उधारकर्ताओं को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से सोने के आभूषणों के बदले लिए गए ऋण की बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया था।

भुगतान में विफल रहने के कारण, गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी **23 नवम्बर, 2026** को की जाएगी। यदि उधारकर्ता की मृत्यु हो जाती है, तो सभी नियम और शर्तें उनके संबंधित कानूनी उत्तराधिकारी/उत्तराधिकारियों पर लागू होंगी।

ऋण खाता संख्या	कर्जदार का नाम	नीलामी शाखा का पता
शाखा का नाम : आगरा-मथुरा रोड		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, मयूर कॉम्प्लेक्स, नगला पदी, आगरा मथुरा रोड, आगरा, उत्तर प्रदेश-282005
191457000080	सोनी जादोन	
शाखा का नाम : आगरा-सिकन्द्रा		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 6/9, आशीर्वाद वाटिका, सिकंदरा बोडला रोड, आगरा, आगरा जिला, उत्तर प्रदेश - 282007
156805002154	मंजू सिंघल	
शाखा का नाम : अलीगढ़		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, नंबर 2, कोर्ट ऑफ वार्ड्स कंपाउंड, आगरा रोड, सामने गांधी पार्क, अलीगढ - 202001
032757000163	मो०जुनैद अरफीन	
शाखा का नाम : इलाहाबाद-चौक		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 56/87 के.पी. कक्कड़ रोड, चौक, इलाहाबाद -211003
030905006166	ऋषभ कुमार चौरसिया	
शाखा का नाम : बांदा		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, नगर पालिका संख्या 348/25, प्लॉट संख्या 9216, गलबल बाजार, गूलर नाका, रामगंज, बांदा, उत्तर प्रदेश - 210001
241362001126	शिव प्रताप सिंह	
शाखा का नाम : विश्वान-ब्रह्मम्मानी टोला		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, मकान नंबर 21/292, मोहल्ला ब्राह्मणी टोला, वार्ड पठानी टोला, टाउन बिसवां, तहसील बिसवां, जिला: सीतापुर, उत्तर प्रदेश-261201
490657000125	आशीष कुमार मौर्या	
शाखा का नाम : फैजाबाद		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 19, 22, नाहर बाग, नियावाह, फैजाबाद, उत्तर प्रदेश - 224001
029057000100	किसमतुल किसमतुल	
शाखा का नाम : फैजाबाद-सिविल लाइंस		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, वी स्क्वायर, 4101 सिविल लाइन्स, फैजाबाद, फैजाबाद जिला, उत्तर प्रदेश। - 224001
157257000155	मो०तबिस खान	
शाखा का नाम : हैदरगढ़		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, भूमि खसरा नंबर 602, पुराना 503/3, मोहल्ला मटखेला, लिलोहारा, लखनऊ सुल्तानपुर रोड, हैदरगढ़ -227301
097257000201	मोहित सिंह	
शाखा का नाम : जसवन्तनगर		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 34/3, कैस्ट, कैस्ट बस स्टैंड रोड, जीजीआईसी रोड, कटरा पुखूता, जसवन्तनगर, जिला-इटावा, उत्तर प्रदेश। -206245
319662002362	बेबी राठौर	
शाखा का नाम : जौनपुर		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 329, वाजिदपुर, शहर परगना हवेली, जौनपुर, उत्तर प्रदेश। - 222002
089057070629	आयुष गुप्ता	
शाखा का नाम : झांसी-बी.के.डी चौराहा		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, नगर निगम नंबर 407, राज स्टेट सी.पी. मिशन कंपाउंड, वार्ड नंबर 54, ग्वालियर रोड, झाँसी, उत्तर प्रदेश -284003
532162000038	राजेन्द्र जाटव	
शाखा का नाम : कानपुर-श्यामनगर		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 62, रामपुरम III, दहेली सुजानपुर, मेन पीएसी रोड, श्याम नगर, कानपुर, उत्तर प्रदेश - 208013
417857000095	किरन यादव	
417857000097	किरन यादव	
शाखा का नाम : कानपुर-नौबस्ता		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 277बी, प्लॉट नंबर 1046, उपकार गेस्ट हाउस, हमीरपुर रोड, नौबस्ता, कानपुर - 208021
060057000127	निसार अहमद	
शाखा का नाम : कानपुर-स्वरूपनगर		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बिल्डिंग 113/171 स्वरूप नगर कानपुर -208002
099857000095	कुसुम वर्मा	
शाखा का नाम : कौशाम्बी-सिराथू		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, वार्ड नंबर 11, सैनी रोड, संस्कार गेस्ट हाउस, सिराथू, जिला कौशांबी - 212217, उत्तर प्रदेश
100162001478	रघुराज प्रताप सिंह	
शाखा का नाम : लखीमपुर-खीरी		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, मोहल्ला थरबरनगंज, थरबरनगंज रोड, लखीमपुर खीरी - 262701
105457000526	अजीत सिंह	
105457000537	कीर्ति कीर्ति	
शाखा का नाम : लखनऊ-रिंग रोड		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 7, बसंत विहार कॉलोनी, शंकरपुरवा, वार्ड-11, मेन रिंग रोड, लखनऊ - 226022, उत्तर प्रदेश
470457000101	अजय भान सिंह	
शाखा का नाम : लखनऊ-गोमतीनगर एक्सटेंशन		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 1/755, वरदान खंड, सेक्टर 1, गोमती नगर एक्सटेंशन, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226010
387705001337	श्रृष्टि सिंह	
शाखा का नाम : लखनऊ-विभूतिखण्ड		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, टीसी 56 वी ए, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ, लखनऊ जिला, उत्तर प्रदेश- 226010
167105002643	प्रशान्त तिवारी	
शाखा का नाम : महोबा		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 14, गांधी नगर, महोबा - 210427, उत्तर प्रदेश
745105001532	मोहम्मद शमीम	
शाखा का नाम : मथुरा		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 217/360, केसोपुर, भूतेश्वर रोड, मथुरा उत्तर प्रदेश - 281004
027457000368	आशा शर्मा	
शाखा का नाम : मथुरा-कोशीकलान		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 1112/1ए, प्लॉट नंबर 44, गली नंबर 3, आर्य नगर, कोशी कलां मथुरा जिला, ऊपर - 281403
158257000266	शिव कान्त	
शाखा का नाम : मऊ		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 218, अज़ीम गृहस्थ पेट्रोलियम, मिर्जाहद्दीपुरा बाईपास रोड, मऊ उ०प्र० - 275101
066657000094	सतीश गुप्ता	
शाखा का नाम : रायबरेली-सिविल लाइंस		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, रामाम कॉम्प्लेक्स, 1045/ए, सामने। फ़िरोज़ गांधी कॉलोनी, रायबरेली, उत्तर प्रदेश - 229001
491757000058	सिराज बेग	
491757000071	सिराज बेग	
491757000073	मुख्तार बेग	
शाखा का नाम : राजातालाब		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एनएच 19, वाराणसी प्रयागराज रोड, मौजा बीरभानपुर परगनन, कसवरराजा तहसील, राजातालाब (वाराणसी), उत्तर प्रदेश - 221311
809257000063	प्रीती हलवाई	
शाखा का नाम : रॉबर्टसगंज		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, वीर बजाज शो रूम, प्लॉट नंबर 389,390,392, बाई पास रोड, कोतवाली के पास, रॉबर्टगंज, सोनभद्र जिला, ऊपर -232216
089157000434	मनिन्द्र कुमार राय	
089157000433	आशीष वर्मा	
089157000216	सिद्धार्थ कन्नौजिया	
शाखा का नाम : उन्नाव		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 1107, गांधी नगर, उन्नाव - 209801
082205003185	चांदनी मिश्रा	
शाखा का नाम : वाराणसी-एच. विश्वेश्वरगंज		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, के 46/121 हरतीरथ, विशेश्वरगंज, वाराणसी - 221001, उत्तर प्रदेश
485857000063	नंदिता मुल्लिक	
शाखा का नाम : वाराणसी-लहुराबीर		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, सी 26/35-38-आर, रामकटोरा, लहुराबीर, वाराणसी -221001, उत्तर प्रदेश
475957000165	राजन सिंह	
शाखा का नाम : वाराणसी-सुन्दरपुर		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बी-236-के-ए, नेवादा, सुंदरपुर, वाराणसी - 221005, उत्तर प्रदेश
494557000242	बिपिन कुमार	
शाखा का नाम : वाराणसी-सिकरौल		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एस-2/326 ई, मोहल्ला/वार्ड सिकरौल, वाराणसी, जिला-वाराणसी, उत्तर प्रदेश - 221002
386957000057	रुपम सिंह	
शाखा का नाम : भरतपुर नईमण्डी		आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, सिम्पसन एजेंसियां, रणजीत नगर मोड, स्टेशन रोड, भरतपुर, राजस्थान - 321001
685757015547	राहुल सिंह	

नीलामी उपरोक्त तालिका में उल्लिखित पते और तिथि पर आयोजित की जाएगी। समय: दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/तरीके में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इच्छुक पक्ष नीलामी के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए उपर्युक्त शाखाओं में जा सकते हैं।

दिनांक: 24-10-2026

स्थान: आगरा,अलीगढ़,अयोध्या,झांसी,कानपुर नगर, लखनऊ, मथुरा,प्रयागराज,उन्नाव,रायबरेली, सीतापुर,सोनभद्र,वाराणसी,कौशाम्बी,बांदा,बाराबंकी,इटावा,जौनपुर,खीरी,महोबा,मऊ,प्रतापगढ़

भवदीय, हस्ताक्षरकर्ता/- आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

ICICI Bank **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, टीसी-13, V-IV, विभूति खंड, गोमतीनगर, लखनऊ- 226010

सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी

[नियम 8 (6) का प्रावधान देखें]

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय की सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्जदार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

क्र. सं.	कर्ज़दार(रों)/सह-कर्ज़दार(रों)/ज़मानतदार(रों) के नाम/ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्तियों का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई है	बकाया राशि (रु. में)	सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में)	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	मेसर्स गीत ट्रेडिंग कंपनी, प्रोपराइटर सतीश कुमार मौर्य द्वारा प्रतिनिधित्व (कर्जदार), सतीश कुमार मौर्य (सह-कर्ज़दार); सतीश कुमार मौर्य, पूजा मौर्य (जमानतदार, बंधककर्ता) खाता संख्या: 407405000524; पूजा मौर्य (कर्ज़दार), सतीश कुमार मौर्य (सह-कर्ज़दार)- ऋण खाता संख्या LBLUC00005970774	खसरा नंबर 212 मिन पर स्थित आवासीय प्लॉट/घर, जो गाँव अल्लू नगर डिगुरिया में स्थित है, परगना, तहसील और जिला लखनऊ, उत्तर प्रदेश, क्षेत्रफल: 2124 वर्ग फुट निर्मित क्षेत्र (बिल्ट-अप एरिया): 5000 वर्ग फुट संपत्ति का प्रकार: आवासीय घर	रु. 74,43,248/- (बीएलजी रु. 24,21,059/- 11 अक्टूबर, 2026 तक और एचएल रु. 50,22,189/-11 अक्टूबर, 2026 तक)	रु. 85,00,000/- / रु. 8,50,000/-	नवंबर 03, 2026 को दोप. 02:00 बजे से दोप. 03:00 बजे तक	नवंबर 18, 2026 को सु. 11:00 बजे से दोप. 12:00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **वैल्यूट्रस्ट कैपिटल सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(https://BidDeal.in)** पर संचालित होगी। बंधककर्ताओं/सूचना प्रेषितकर्ताओं को **नवंबर 17, 2026** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/इन संरक्षित संपत्ति(यों) की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता(ओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, टीसी-13, V-IV, विभूति खंड, गोमतीनगर, लखनऊ- 226010** में **नवंबर 17, 2026** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज (छायाप्रति) **नवंबर 17, 2026** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। यदि संभावित बोलीकर्ता(ओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहते हैं, तो वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, टीसी-13, V-IV, विभूति खंड, गोमतीनगर, लखनऊ- 226010** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **नवंबर 17, 2026** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **लखनऊ** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति निरीक्षण, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड में 9372730494/7304914763** पर संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

तिथि : अक्टूबर 24, 2026, स्थान : लखनऊ और सीतापुर **प्राधिकृत अधिकारी, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**